Bharat Temples

श्याम जी का नाम जपो,
श्याम जी का नाम।

तर्ज झूम बराबर झूम।

दोहा ना भरम में,
कुछ मिलता है ना जमाने में,
चैन मिलता है फकत,
श्याम नाम गाने में।

घाटा नही है इस सौदे में,
सुबह जपो शाम जपो,
श्याम जी का नाम जपो,
श्याम जी का नाम,
श्याम जी का नाम जपो,
श्याम जी का नाम।।

श्याम के नाम से नरसी,
ने भात भर डाला,
आज दुनिया में अमर,
नाम अपना कर डाला,
श्याम के नाम ने ही,
द्रोपती बचाई थी,
श्याम के नाम की मीरा ने,
महिमा गाई थी,

श्याम के नाम से मिल,
जाती है भक्तो भक्ति,
श्याम के नाम से मिलती है,
अजब सी शक्ति,
इसलिए श्याम जपो,
श्याम मेरा आला है,
खाटू वाला कही पे,
नंदजु का लाला है,
पूरी करेगा मन की आशा,
पूरी करेगा मन की आशा,
दामन को लो थाम जपो,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम ।।

श्याम के नाम से ही,
दुनिया के नज़ारे है,
धरती आकाश सूर्य,
चाँद और सितारे है,
श्याम का नाम ही कतरे को,
समंदर कर दे,
एक पल में ही मुक्कदर,
का सिकंदर कर दे,
श्याम के नाम के दीवाने,
उठो आओ जरा,
प्रेम से संग में तुम झूमो,
और झूमाओ जरा,
भयंकर रुख़ यहाँ,

तूफा से बदल जाते है,
गिरने वाले यहाँ गिर गिर के,
संभल जाते है,
झूमलो आओ दिल की सुनाओ,
झूमलो आओ दिल की सुनाओ,
मिल जाए आराम जपो,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम ।।

खा के जो ठोकरे,
दुनिया की यहाँ आता है,
सांवरा मेरा उसे,
सीने से लगाता है,
उसके संताप ताप आप,
मिटा देता है,
जिसको चाहे उसे,
दरबार बुला लेता है,
मोह माया को त्याग,
नाम श्याम का जप लो,
प्रेम से श्रद्धा से विश्वाश से,
इनको भज लो,
बावरा स्वांस ना रही तो,
क्या कर पाएगा,
श्याम का नाम ही बस,
तेरे काम आएगा,
कर ले जल्दी नैक कमाई,
कर ले जल्दी नैक कमाई,

आएगी ये काम जपो,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम,
श्याम जी का नाम जपों,
श्याम जी का नाम।।

घाटा नही है इस सौदे में,
सुबह जपो शाम जपो,
श्याम जी का नाम जपो,
श्याम जी का नाम,
श्याम जी का नाम जपो,
श्याम जी का नाम।।

स्वर राजू बावरा।

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-ji-ka-naam-japo/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw